आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 25.05.2026 समय : 02.10PM

गंगा दशहरा

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में धार में प्रदेशव्यापी जनसहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।मुख्यमंत्री भोजशाला में मां वागदेवी पूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कहा है कि पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान और भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसके लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। प्रदेश के सभी प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में जनसमुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से स्थानीय कुओं, नहरों, बावड़ियों और तालाबों की साफ-सफाई, घाटों की स्वच्छता और पुराने बंद पड़े बोरवेल के पास रिचार्ज पिट निर्माण जैसे जलसंरक्षण के कार्यों में श्रमदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नीमच, के हाथीमंदिर घाट पर साफ सफाई के लिए श्रमदान किया गया। अशोकनगर, छतरपुर, सतना, ग्वालियर और रायसेन मे भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

सर्वोच्च न्यायालय - नीट

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट परीक्षा में बार-बार हो रही चूक पर चिंता जताते हुए कहा कि यह दुख की बात है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पिछले पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं सीखा है। न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी-एनटीए और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरों से उन याचिकाओं पर जवाब मांगा है, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए जांच एजेंसी की जगह किसी ज़्यादा मज़बूत और स्वायत्त संस्था को लाने की मांग की गई है। न्यायालय ने एजेंसी को बृहस्पतिवार तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

वक्फ बोर्ड स्कॉलरशिप

भोपाल में राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा आज आयोजित स्कॉलरशिप वितरण समारोह 2025-26 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। इस दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के 850 बच्चों को छात्रवृत्ति वितरित की गई। डॉ. यादव ने छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हजारों विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को पूरा करने का माध्यम है।

मौसम

प्रदेश में आज से नौतपा शुरू हो गया है। ये सिलसिला 2 जून तक जारी रहेगा। नौतपा यानी साल के वो नौ दिन जब सूरज की तपिश सबसे ज़्यादा होती है और गर्मी अपने चरम पर होती है। पेश है एक रिपोर्ट

कौशल विकास

मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 12 जून तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट एमपी खादी ग्रामोद्योग डॉट कॉम पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

इस योजना के तहत प्रत्येक जिले में सामान्य रूप से 30 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाएगा, जिसमें 30 प्रतिशत महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

हज तीर्थयात्रा

वार्षिक हज यात्रा के लिए भारत सहित दुनिया भर से लाखों जायरीन सऊदी अरब के मिना में इकट्ठा हो रहे हैं। वे वहाँ रात बिताएंगे और कल तडके अराफ़ात के मैदानों की ओर बढ़ेंगे, जहाँ वे हज के मुख्य अनुष्ठान के तौर पर प्रार्थना करेंगे।

इस वर्ष की हज यात्रा में भारत से लगभग एक लाख 75 हज़ार यात्री भाग ले रहे हैं। इससे पहले अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने एक सुचारू, सुरक्षित और आरामदायक हजयात्रा सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

संक्षिप्त समाचार

- बड़वानी जिले के गौरव दिवस पर आज मां नर्मदा के घाट पर विभिन्न धार्मिक] सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।
- शिवपुरी जिले में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आज पेयजल समस्या] खाद वितरण] उपार्जन की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।